संख्या–cm-72
03/02/2020

मुख्यमंत्री ने जदयू की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लीला देवी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की

पटना 03 फरवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने जदयू की पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष लीला देवी के असामयिक निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है।

मुख्यमंत्री ने अपने शोक संदेश में कहा कि लीला देवी समता पार्टी के संस्थापक सदस्यों में एक थीं। उनके निधन से जनता दल (यू0) पार्टी के साथ–साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र में अपूरणीय क्षति हुई है।

मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की चिर शान्ति तथा उनके परिजनों को दुःख की इस घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

******